Title: Regarding permission to erect a statue of Chatrapati Shivaji Maharaj at Raigarh, Maharasthra.

PROF. MAHADEORAO SHIWANKAR (CHIMUR): Sir, I would raise the issue of statue.

अध्यक्ष महोदय, छत्रपति शिवाजी महाराज पूरे देश के लिए एक भूषण हैं, वह एक राष्ट्र पुरुष हैं। उनकी प्रतिमा उनकी राजधानी रायगढ़ में स्थित किले पर लगाने के संबंध में महाराष्ट्र सरकार ने और महाराष्ट्र के मुख्य मंत्री ने केन्द्र सरकार को परमीशन देने के बारे में आग्रह किया है। जून और जुलाई में महाराष्ट्र के मुख्य मंत्री ने स्वयं प्रधान मंत्री जी को पत्र लिखा है। इसमें केन्द्र सरकार की परमीशन की आवश्यकता इसलिए है क्योंकि रायगढ़ का यह किला एक संरक्षित स्मारक है। इसलिए मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार ने आग्रह करूंगा कि रायगढ़ में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित करने के लिए केन्द्र सरकार महाराष्ट्र सरकार को अनुमति प्रदान करे। इस मामले में केन्द्र सरकार को कोई बोझ नहीं उठाना है, कोई अनुदान नहीं देना है, उसे केवल परमीशन देनी है। इसलिए हमारा निवेदन है कि केन्द्र सरकार इस प्रतिमा की स्थापना के लिए शीघ्र परमीशन दे। मैं समझता हूं कि केन्द्र सरकार इसमें जल्दी ही अपनी तरफ से पहल करेगी। धन्यवाद।

12.42 hrs.